अमर उजाला

• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी •
वर्ष 23 | अंक 242 | पृष्ठ : 20+8
मूल्य : चार रुपये

नई दिल्ली
बुधवार, 10 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2082



क्रिकेट | जब गुरशरण का साहस, सचिन के चयन का बना कारण...स्पोर्ट्स | दिल्ली-एनसीआर


# न्यू लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित किया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र

## 74 किमी का एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ते हुए यमुना एक्सप्रेसवे से होगा कनेक्ट, फाइनल डिजाइन पर चल रहा काम

संदीप वर्मा

**यमुना सिटी।** गंगा एक्सप्रेस-वे को नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और यमुना एक्सप्रेस-वे से जोड़ने वाले 74 किलोमीटर के लिंक एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इस नए औद्योगिक क्षेत्र को न केवल नोएडा एयरपोर्ट का फायदा मिलेगा बल्कि एक्सप्रेस-वे का जाल और रेल कनेक्टिविटी भी मिलेगी। एक्सप्रेस-वे का एलाइनमेंट फाइनल होने के बाद अब यमुना प्राधिकरण के साथ डिजाइन का कार्य किया जा रहा है।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का फायदा पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत पूरे

### 54 किमी के हिस्से में औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

उत्तर प्रदेश को मिले, इसके लिए तेजी से कार्ययोजना पर काम चल रहा है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की ओर से गंगा एक्सप्रेसवे को वाया नोएडा एयरपोर्ट और यमुना एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे नए लिंक एक्सप्रेसवे में 20 किमी का हिस्सा यमुना सिटी में आएगा। इसके अलावा अन्य हिस्सा बुलंदशहर क्षेत्र में आएगा।

**औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ेंगे कई प्रदेश :** यह गंगा एक्सप्रेस-वे होते हुए यमुना सिटी के सेक्टर-21ए स्थित फिल्म सिटी के पास यमुना एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। इससे फरीदाबाद को जाने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे और आगे चलकर दिल्ली, गुरुग्राम और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से भी जुड़ जाएगा। इसके अलावा डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और नोएडा एयरपोर्ट भी इस औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ जाएगा। एक्सप्रेस-वे एलिवेटेड बनाया जाएगा तो प्रति किलोमीटर इसकी लागत 100 करोड़ रुपये तक आएगी। इसमें जमीन का पैसा नहीं जुड़ा है। इतने बड़े निवेश के साथ यूपीडा इस लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे इंडिस्ट्रयल हब विकसित करेगा।



सेक्टर 21 ए स्थित फिल्म सिटी के नजदीक कनेक्ट होगा। अमर उजाला

**अन्य औद्योगिक क्षेत्रों से कनेक्टिविटी का मिलेगा फायदा :** देशभर में सबसे तेजी से विकसित हो रहे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से सीधे कनेक्टिविटी का फायदा भी इस लिंक एक्सप्रेस-वे के किनारे बनने वाले औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को मिलेगा। इसके अलावा प्रस्तावित न्यू नोएडा भी इस क्षेत्र से ही जुड़ेगा। साथ ही गंगा एक्सप्रेस-वे के साथ लगे जिलों के उद्योगों की भी इससे सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

> “ गंगा एक्सप्रेसवे को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए प्रस्तावित न्यू लिंक एक्सप्रेसवे की एलाइनमेंट फाइनल हो चुका है। एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इस औद्योगिक क्षेत्र को नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, फ्रेट कॉरिडोर समेत अन्य एक्सप्रेस-वे के जुड़ने से फायदा मिलेगा। **-हरी शाही, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा**